रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/95 REGISTERED NO.—33001/95

सत्यमेव जयते

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 10] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 11, 1995 (फाल्गुन 20, 1916)
No. 10] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 11, 1995 (PHALGUNA 20, 1916)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

## विषय-सूची

| | पृष्ठ |
|---|---|
| भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं | 303 |
| भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं | 217 |
| भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं | 3 |
| भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं | 365 |
| भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम | * |
| भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ | * |
| भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट | * |
| भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) | * |
| भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं | * |
| भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) | * |
| भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश | * |
| भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं | 189 |
| भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस | 169 |
| भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं | -- |
| भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं। | 435 |
| भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस | 33 |
| भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को बताने वाला अनुपूरक | |

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए

# CONTENTS


| | PAGE |
|---|---|
| PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court. . . . . | 303 |
| PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court . . . . . | 217 |
| PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . . | 3 |
| PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence . . . . . | 365 |
| PART II—SECTION 1—Acts, Ordinance and Regulations . . . . . | * |
| PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations . . . . . | * |
| PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . . . | * |
| PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) | * |
| PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) . | * |
| PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) . | * |
| PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . | * |
| PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India . | 189 |
| PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs . . . . . | 169 |
| PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners . . . . . | — |
| PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies . . . . . | 435 |
| PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies . | 33 |
| PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi | * |


*Folio Nos. not received

# भाग I—खण्ड 1

# [PART I—SECTION 1]

**(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं**

**[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]**

राष्ट्रपति सचिवालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1995

सं० 91-प्रेज/95:—राष्ट्रपति निम्नलिखित अफसरों कार्मिकों को उनके उत्कृष्ट वीरता पूर्ण कार्यों के लिये उन्हें कीर्ति चक्र प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

1. 2769281 कम्पनी हवलदार मेजर जगताप शिवजी बालु

6 मराठा लाइट इन्फैन्ट्री (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 28-01-94)

28 जनवरी, 1994 को जम्मू तथा कश्मीर के नवाद गांव, घाटबग और फराशगंद गांवों में कुछ उग्रवादियों के मौजूद होने की विशेष सूचना मिलने पर 6 मराठा लाइट इन्फैन्ट्री ने प्रातः 7 बजे उनकी घेराबन्दी करने का काम शुरू किया।

कम्पनी हवलदार मेजर जगताप शिवजी बालु इस खोजी दल के कमांडर थे जिसे कई घरों की छानबीन करने का काम सौंपा गया था। उनमें से एक घर की छानबीन करते हुए जैसे ही हवलदार मेजर बालु सबसे ऊपर की मंजिल पर पहुंचे कि उनका दल वहां लकड़ी और घास के नीचे छिपे उग्रवादियों की भारी गोलीबारी में घिर गया और उनकी पहली गोली से हवलदार मेजर बालु घायल हो गये। वे निर्भीकता पूर्वक आगे बढ़े और उन्होंने उनमें से एक उग्रवादी को वहीं ढेर कर दिया और तत्पश्चात अन्य उग्रवादियों द्वारा उन पर दागी गई एक अन्य गोली लगने से वे गिर पड़े। वीर गति प्राप्त करने से पूर्व उन्होंने दो उग्रवादियों को निकल भागने का प्रयास विफल कर दिया जो बाद में उनके सैनिकों द्वारा की गई गोलीबारी से मारे गये। अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों और भारी खतरे के बावजूद उस बहादुर सिपाही ने साहस, धैर्य और कर्त्तव्यपरायणता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस प्रकार हवलदार मेजर जगताप शिवजी बालु ने उग्रवादियों का मुकाबला करने में उत्कृष्ट वीरता और साहस का परिचय देते हुए अपने जीवन का बलिदान किया।

सेकण्ड लेफ्टिनेंट ऋषि अशोक मल्होत्रा (आई० सी–52671)

मराठा लाइट इन्फैन्ट्री (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 18-05-94)

18 मई, 1994 को सेकण्ड लेफ्टिनेंट ऋषि अशोक मल्होत्रा को जम्मू तथा कश्मीर के डोडा जिले में वन प्रान्त क्षेत्र में राष्ट्रविरोधी तत्वों के छिपने के स्थान का पता लगाकर उसे नष्ट करने का काम सौंपा गया था। सेकण्ड लेफ्टिनेंट ऋषि अशोक मल्होत्रा ने एक प्लाटून साथ लेकर यह कार्य शुरू किया और राष्ट्रविरोधी तत्वों के छिपने की जगह पर अचानक पहुंचकर धावा बोलने के उद्देश्य से बहुत अधिक ऊंचाई पर स्थित जंगल में अत्यधिक कठिन मार्ग से जाने का निर्णय लिया। दो रात तक लगातार चलकर 30 किलोमीटर रास्ता तय करने के बाद उस युवा अफसर ने 20 मई, 1994 को प्रातः उग्रवादियों के छिपने के स्थान को घेर लिया। फिर वे उग्रवादियों के छिपने की जगह की ओर बढ़े परन्तु तभी उग्रवादियों की ओर से उन पर भारी गोलीबारी होने लगी। वह बहादुर अफसर अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न किये बिना और उच्चकोटि की वीरता का प्रदर्शन करते हुए उग्रवादियों के छिपने के स्थान की तरफ बढ़ते रहे। उनकी उग्रवादियों के साथ बहुत ही कम दूरी से भारी गोलीबारी शुरू हो गई जिसमें उस बहादुर अफसर की कार्रवाई उत्कृष्ट रूप से आक्रामक रुख और अनुकरणीय दृढ़ संकल्प का परिचायक थी। उग्रवादियों के छिपने का स्थान जब कुछ ही गज की दूरी पर रह गया था तो उनके सीने पर गोली लगने से घाव हो गये। गम्भीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद वे उग्रवादियों के छिपने के स्थान पर पहुंच गये और वीरगति प्राप्त करने से पूर्व दो राष्ट्रविरोधी तत्वों को बहुत ही निकट से गोलीमार कर उनका काम तमाम कर दिया।

इस प्रकार, सेकण्ड लेफ्टिनेंट ऋषि अशोक मल्होत्रा ने राष्ट्रविरोधी तत्वों का मुकाबला करने में उत्कृष्ट वीरता और अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए उच्चतम बलिदान किया।

2975200 हवलदार शिव नारायण सिंह, 27 राजपूत (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22-05-94)

22 मई, 1994 को प्रातः चार बजे विशिष्ट सूचना के आधार पर लैफ्टिनेंट कर्नल हरविन्दर सिंह लक्कार की कमान ने कमांडर के तीव्र प्रतिक्रिया दल को जम्मू कश्मीर के विहृडीपुरा गांव में भेजा गया था। राष्ट्रविरोधी तत्वों के संदिग्ध मकानों की घेराबंदी करके प्रातः सवा पांच बजे खोजबीन की कारवाई शुरू की गई। जब एक संदिग्ध घर की खोजबीन, की जा रही थी तो उसकी छत पर छिपे हुए दो राष्ट्रविरोधी तत्वों से सैनिकों पर गोलीबारी शुरू कर हवलदार शिव नारायण सिंह की ठोडी पर बाईं और गोली लगने से घाव हो गया। तत्पश्चात् एक उग्रवादी छत से कूदा और हवलदार शिव नारायण सिंह पर गोलीबारी करने लगा। गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद हवलदार सिंह दृढ़ साहस का परिचय देते हुए गोलीबारी करते रहे और उन्होंने उन दोनों उग्रवादियों को मार गिराया। हवलदार शिव नारायण सिंह को तत्काल अग्रिम मरहम-पट्टी पर ले जाया गया जहां घावों के कारण उनकी मत्यु हो गई।

इस प्रकार हवलदार शिव नारायण सिंह ने उग्रवादियों का मुकाबला करने में उत्कृष्ट वीरता और साहस का परिचय देते हुए अपने जीवन का बलिदान किया।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

---

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी, 1995

सं० 92-प्रेज/95:—राष्ट्रपति निम्नलिखित अफसरों/कार्मिकों/व्यक्तियों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिये उन्हें "शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं —

1. श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह, सतना, मध्य प्रदेश (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18-1-93)

18 जनवरी, 1993 को श्रीमती श्यामवती और उनकी पुत्री श्रीमती मोन्टू रात के समय घर का कुछ सामान लेने के लिये बाजार गई थी। घर लौटते समय राजस्व निरीक्षण श्री एस० एम० श्रीवास्तव के निवास के समीप पांच असामाजिक तत्व छेड़खानी करने के इरादे से श्रीमती मोन्टू के पीछे पड़ गये। श्रीमती मोन्टू सहायता के लिये चिल्लाई और स्वयं को असामाजिक तत्वों के चुंगल से छुड़ाने का प्रयास करने लगीं। अपनी पुत्री के सम्मान की रक्षा के लिये श्रीमती श्यामवती ने भी सहायता के लिये चिल्लाना शुरू कर दिया। उसी समय 22 वर्षीय रवीन्द्र प्रताप सिंह जोकि एक विद्यार्थी थे, अपनी साइकिल से वहां से गुजर रहे थे। असामाजिक तत्वों को श्रीमती मोन्टू का शील भंग करने का प्रयास करते देख वे रुक गये और उन्हें ललकारा। श्री रवीन्द्र प्रताप ने असामाजिक तत्वों से श्रीमती मोन्टू को छोड़ देने के लिये कहा। इस पर उन्होंने श्रीमती मोन्टू को छोड़ दिया और रवीन्द्र प्रताप सिंह की ओर लपके। उन असामाजिक तत्वों के पास हथियार थे और वह संख्या में भी अधिक थे। श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह एक विवाहित महिला के सम्मान की रक्षा करने के लिये अपने जीवन को जोखिम में डालकर निर्भीकता-पूर्वक उन असामाजिक तत्वों से भिड़ गये। जिस समय यह लड़ाई चल रही थी तभी श्रीमती श्यामवती और उनकी पुत्री शीघ्रतापूर्वक से अपने महल्ले में गई और वहां जाकर लोगों को इस घटना की सूचना दे दी जब लोग उस स्थान पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह जमीन पर पड़े हुए थे और उनके शरीर से बुरी तरह से खून बह रहा था। उन असामाजिक तत्वों ने श्री सिंह के पेट में छुरा घोंप दिया था। उनकी नाक और मुंह से भारी खून आ रहा था। अन्ततः श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। बाद में उन असामाजिक तत्वों की पहचान कर ली गई।

इस प्रकार श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह ने एक विवाहित महिला के सम्मान की रक्षा करने में अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया।

2. मेजर कमल कालिया (आई० सी०-35555), मद्रास रेजिमेंट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27-3-93)

डी० कम्पनी के कंपनी कमांडर मेजर कमल कालिया असम के तिनसुखिया और डिब्रूगढ़ जिलों में असम संयुक्त मुक्ति मोर्चे (अल्फा) के उग्रवादियों का मुकाबला करने के लिए चलाई जा रही संक्रिया "राइनो" के तहत सैन्य-कार्रवाई कर रहे थे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने उपर्युक्त जिलों में छिपे उग्रवादियों के बारे में सही आसूचना प्राप्त करने के लिए जाल बिछा रखा था। अल्फा गिरोह के शीर्ष नेता व तिनसुखिया के वित्त सचिव प्रकाश दत्ता के बारे में गुप्त सूचना मिलने पर उन्होंने 05 अप्रैल, 1992 को उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने पकड़े गए उग्रवादी द्वारा दी गई सूचना के आधार पर अल्फा के लखीपठार नामक गढ़ पर धावा बोल दिया। बाद में उन्होंने कमल मोरान, बृजकान्त मेह्, लखी देवरी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अल्फा गिरोह के 204 उग्रवादियों को भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद समेत आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया।

27 मार्च, 1993 को मेजर कमल कालिया ने अपने सैन्य दल के साथ नवांग नामक एक दूसरे स्थान पर छापा मारकर वहां होने वाली अल्फा गिरोह की बैठक को नाकाम-याब कर दिया। इस कार्रवाई में उन्होंने प्रचार-सामग्री और कटे हुए स्मृति-चिन्हों समेत नौ उग्रवादियों को पकड़ लिया।

09 अप्रैल, 1993 को उन्हें अपने विश्वस्त सूत्रों से यह पता चला कि अल्फा गिरोह का एक दूसरा शीर्ष उग्रवादी रन्तु नियोग, मोरान-डिब्रूगढ़ मार्ग से मारूति कार में जा रहा है। मेजर कमल कालिया ने अपने सैन्य दल को तुरन्त सक्रिय कर सरगर्मी से उसका पीछा करना शुरू कर दिया। उस उग्रवादी का पीछा करते समय मेजर कमल कालिया सामने से आ रही एक सिविल बस से बुरी तरह से टकरा-कर वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस प्रकार मेजर कमल कालिया ने निःस्वार्थ कर्तव्य-परायणता समर्पण-भावना, दृढ़निश्चय और आत्म-बलिदान की भावना का परिचय दिया।

3. स्क्वाड्रन लीडर राज शेखर मेहता (17212) प्रशासन

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 सितम्बर, 1993)

स्क्वाड्रन लीडर राज शेखर मेहता को भारतीय वायु-सेना की प्रशासन शाखा में 28 मई, 1983 को कमीशन प्रदान किया गया था। ये वायु सेना स्टेशन, तेजपुर में उप मुख्य प्रशासन अफसर हैं।

9 सितम्बर, 1993 को वायुसेना स्टेशन तेजपुर के कैंप में जंगली हाथियों का एक झुंड घुस आया और हवाई मैदान की दक्षिण दिशा में हवाई पट्टी के निकट घने जंगल में छुप गया। हेलिकाप्टर से इन हाथियों को कैंप से निकालने के सभी प्रयास विफल रहे क्योंकि घना जंगल न केवल उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रहा था अपितु उनके छुपने के स्थान का पता लगाना भी लगभग असंभव था। इन हाथियों ने संचार-व्यवस्था बिजली के तारों, हवाई मैदान की बत्तियों तथा सुरक्षा तार बाड़ को अत्यधिक नुकसान पहुंचाया। चूंकि ये हाथी हवाई पट्टी के काफी नजदीक थे इसलिए वायुयान उड़ानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। 20 सितम्बर, 1993 को यह निर्णय लिया गया कि उन्हें वहां से हांक कर बाहर निकाला जाए। यह कार्य तत्कालीन स्टेशन सुरक्षा अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर मेहता को सौंपा गया। इस कार्य के लिए उन्हें 35 व्यक्ति दिए गए। यह दल लगभग 09.30 बजे राइफलें और ढोल-नगाड़े साथ लेकर पूर्व दिशा से घने जंगल में घुसा। इस दल ने 11.30 बजे तक जंगल का लगभग 3/4 क्षेत्र छानकर इस झुंड का दूसरे छोर तक पीछा किया। स्क्वाड्रन लीडर मेहता इस पूरी कार्रवाई में अपने साथियों का नेतृत्व कर उन्हें लगातार प्रोत्साहित करते रहे। लगभग 11.30 बजे एक हाथी ने अचानक इन पर हमला कर इन्हें जमीन पर पटक दिया। इस आघात के बावजूद स्क्वाड्रन लीडर मेहता अपना धैर्य नहीं खोया और स्वयं को उस दिशा से हटाया जिससे हाथी आक्रमण कर रहा था। इस मुकाबले में उस हाथी ने वहां से हटने से पूर्व स्क्वाड्रन लीडर मेहता की बांई जांघ बुरी तरह कुचल डाली। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वे लगभग 20 फुट तक रेंगकर गए और अपना पोर्टोफोन उठाकर अपने गस्ती दल से हाथियों के झुंड को वहां से बाहर हांकने का निर्देश दिया। यह कार्य पूरा होने पर ही उन्होंने दल के सदस्यों को अपने बचाव के लिए बुलाया। स्क्वाड्रन लीडर मेहता का प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद उन्हें स्थानीय बेस अस्पताल पहुंचाया गया और बाद में महाशल्य चिकित्सा (मेजर सर्जरी) के लिए उन्हें वहां से पूर्व कमान अस्पताल कलकत्ता ले जाया गया।

इस प्रकार स्क्वाड्रन लीडर राज शेखर मेहता ने साहस, दृढ़निश्चय, पहल-शक्ति तथा उत्कृष्ट नेतृत्व के गुणों का परिचय दिया।

4. जे० सी०—181906 नायब सूबेदार केशर सिंह, असम राइफल्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 05-11-93)

नायब सूबेदार केशर सिंह के नेतृत्व में 18 अन्य रैंकों वाला एक छापामार दल एक गुप्त सूचना प्राप्त होने पर 05 नवम्बर, 1993 को 0300 बजे मिजोरम के दक्षिणी भाग में भूमिगत विद्रोहियों के छुपने के स्थान की ओर चला। यह दल 0600 बजे विद्रोहियों के छुपने के स्थान के निकट पहुंचा और उन पर धावा बोलने से पूर्व उन्होंने अंतिम रूप से विचार विमर्श किया। विद्रोहियों के छुपने का यह स्थान खेती क्षेत्र की दो झुग्गियों में था। नायब सूबेदार केशर सिंह ने अपने अगल-बगल कई अवरोधक लगाए और विद्रोहियों के छुपने के स्थान की ओर बढ़ते हुए स्वयं भी अपने दल का नेतृत्व किया और एक भूमिगत विद्रोही को अपने काबू में लेने का प्रयास किया जो हथियार सहित अचानक ही झुग्गी से बाहर आ गया। इस हाथापाई में उस भूमिगत विद्रोही ने अपने हथियार से गोली चला दी जो नायब सूबेदार केशर सिंह की गर्दन में लगी जिससे उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। नायब सूबेदार केशर सिंह के अथक प्रयासों सुदृढ़ योजना तथा उच्च कोटि के नेतृत्व के कारण ही यह कार्य सफलता-पूर्वक पूरा हो पाया। इस कार्रवाई में दो भूमिगत विद्रोही मारे गए और दो एसाल्ट राइफलें, गोलाबारूद तथा 6 उन्नत किस्म के विस्फोटक यंत्र भी बरामद किए गए।

इस प्रकार नायब सूबेदार केशर सिंह ने अदम्य साहस तथा आत्म बलिदान की भावना का परिचय दिया।

5. जे० सी०—102605 नायब सूबेदार भगवती प्रसाद, असम राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27-12-93)

नायब सूबेदार भगवती प्रसाद को 27 दिसंबर 1993 को 20 अन्य रैंकों को साथ लेकर नागालैंड में लोंगखीम चौकी के पास एक चल नियंत्रक चौकी स्थापित करने का आदेश दिया गया था तदनुसार उन्होंने अपने दल को साथ लेकर मोकोचंग तयुनसंग सड़क पर 18.00 बजे तक चल नियंत्रक चौकी स्थापित करने के लिए विस्तृत टोह लेने के बाद सामरिक दृष्टि से सुरक्षित स्थान चुन लिया।

लगभग 20.40 बजे मोकोचंग की ओर से दो वाहन (एक टाटा ट्रक तथा एक जीप) चल नियंत्रण

चौकी के पास पहुंचे। इन वाहनों में लगभग 15 विद्रोही सवार थे। जब उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने गोली-बारी कर नियंत्रण चौकी पर हमला बोल दिया। नायब सूबेदार भगवती प्रसाद ने स्थिति का जायजा लिया और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना अपने साथियों को प्रेरणा करते हुए स्वचालित हथियार चला रहे विद्रोहियों से कारगर ढंग से निपटने के लिए दृढ़निश्चय तथा साहस के साथ त्वरित गति कार्रवाई की। इनके इस प्रेरणा-प्रद नेतृत्व से प्रेरित होकर इनके साथी सैनिकों ने अत्यंत प्रभावकारी ढंग से जवाबी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में इन्होंने दृढ़निश्चय से लड़ते हुए पांच विद्रोहियों को मार गिराया तथा एक को पकड़ लिया। इन्होंने बड़ी मात्रा में गोलाबारूद सहित छह राइफलें भी जब्त कीं।

इस प्रकार नायब सूबेदार भगवती प्रसाद ने साहस, दृढ़निश्चय, पहलशक्ति तथा उच्चकोटि के नेतृत्व के गुणों का परिचय दिया।

6. मेजर भूपेन्द्र सिंह (आई० सी०-- 35016), इंजीनियर्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 04-1-94)

99 सड़क निर्माण कंपनी (ग्रेफ) के कमांडिंग अफसर मेजर भूपेन्द्र सिंह को जम्मू-कश्मीर में खुन्नाबल-पहलगांव मार्ग पर पांच दुर्गप्राचीर पुलों के निर्माण का काम सौंपा गया था। 04 जनवरी 1994 को मेजर भूपेन्द्र सिंह पुल-निर्माण स्थलों का निरीक्षण करने गए। अक्कर गांव में निरीक्षण दल की उन राष्ट्रविरोधी तत्वों से भिड़ंत हो गई जो सड़क की नाकेबंदी कर इस दल पर घात लगाकर हमला करने की ताक में बैठे थे। इस दल पर लगभग 100 राष्ट्रविरोधी तत्वों ने स्वचलित शस्त्रों से बहुत नजदीक से चारों तरफ से गोलीबारी की थी। तब मेजर भूपेन्द्र सिंह ने बड़ी सूझबूझ का परिचय देते हुए और समय नष्ट किए बिना अपने सैन्य-दल को जवाबी गोलीबारी करने में लगा दिया काफी देर तक हुई इस जवाबी गोलीबारी के पश्चात वे घात निष्फल करने, बंद रास्ता खोलने और अपने दल के सदस्यों को वहां से मुक्त कराकर आगे बढ़ने में सफल रहे। 17 जनवरी 1994 को जब वे जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी बनिहाल सुरंग से बर्फ हटाकर अपने मुख्यालय को लौट रहे थे तो मार्ग में राष्ट्रविरोधी तत्वों ने उनका अपहरण कर लिया। बंदी रहने के दौरान मेजर भूपेन्द्र सिंह बचकर निकलने के लिए सतर्क रहे और 19 जनवरी 1994 को उन्होंने बंदीकर्ताओं में से एक की एके -47 राइफल छीन ली। इससे पहले कि वे फायर कर पाते, 10-12 बंदीकर्ता उन पर झपट पड़े और उन्हें बुरी तरह से घायल कर दिया। उसके बाद उन्हें बांधकर जगह-जगह ले जाया गया और 23 जनवरी 1994 को प्रातः गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। इस प्रकार मेजर भूपेन्द्र सिंह ने अपने प्राण गंवाकर दृढ़ कर्तव्यनिष्ठा और अनुकरणीय साहस का परिचय दिया।

7. 2680419 ग्रेनेडियर्स करनैल सिंह ग्रेनेडियर्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 10 फरवरी, 1994)

10 फरवरी 1994 को 3 ग्रेनेडियर्स की एक प्लाटून को जम्मू कश्मीर में तुलाकोहाज गांव में विशेष खोज कार्य सौंपा गया था। ग्रेनेडियर्स करनैल सिंह लाइट मशीन गनर का कार्य कर रहे थे। लगभग 1400 बजे राजपुरा गांव के पास यह प्लाटून 6 से 8 राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा ए के -47 तथा यूनिवर्सल मशीन गनों से की जा रही भारी गोलीबारी की चपेट में आ गई। ग्रेनेडियर करनैल सिंह ने तुरन्त जवाबी गोलीबारी की इस बीच विदेश के कुछ स्वार्थी तत्वों सहित 30 से 35 राष्ट्रविरोधी तत्व इन उग्रवादियों में आ मिले और इन्होंने आस पास की पहाड़ियों से स्वचालित शस्त्रों से भारी गोलीबारी करके प्लाटून को घेर लिया इतने अधिक राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा स्वचालित शस्त्रों से की जा रही भारी और अचूक गोलीबारी तथा अन्य लाइट मशीन गन ग्रेनेडियर देसराज की मृत्यु होने के बावजूद ग्रेनेडियर करनैल सिंह अपनी लाइट मशीन गन को एक उपयुक्त ठिकाने से दूसरे उपयुक्त ठिकाने पर ले गए और इस प्रकार उन्होंने अपनी प्लाटून के अन्य साथियों पर पड़े दबाव को कम कर राष्ट्रविरोधी तत्वों की गोलीबारी को नाकाम कर दिया। यह गोलीबारी तीन घंटे तक चलती रही। ग्रेनेडियर करनैल सिंह तीसरी बार अपना ठिकाना बदल ही रहे थे कि इतने में उनके चेहरे पर गोली आ लगी जिससे वे वीर गति को प्राप्त हो गए। परंतु उनकी इस कार्रवाई से उनकी प्लाटून के अन्य सदस्य राष्ट्रविरोधी तत्वों की कारगर गोलीबारी से स्वयं का बचाव करने में सफल हो गए।

इस प्रकार ग्रेनेडियर करनैल सिंह ने अत्यंत विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए निर्भीकता और अदम्य साहस का परिचय दिया तथा देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान कर दिया।

8. 3971557 हवलदार तारा चंद डोगरा (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 फरवरी 1994)

17 फरवरी, 1994 को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के बुदबुरा बारपुरा तथा मूला बागिल गांवों में कुछ सशस्त्र राष्ट्रविरोधी तत्वों के छिपे होने की सूचना मिलने पर वहां की घेराबंदी करके उन्हें बाहर निकालने की कार्रवाई की गई। सुबह लगभग 8 बजे जब स्थानापन्न प्लाटून कमांडर हवलदार

तारा चन्द अपने खोजी दल के साथ आसूरा मोहल्ले की दक्षिण दिशा के करीब से गुजर रहे थे तो वे एक मकान से हो रही गोलीबारी की चपेट में आ गए। हवलदार तारा चंद ने अपने दल को उस मकान को घेरने तथा उस पर कब्जा करने का आदेश दिया। उन्होंने गोलीबारी कर रहे राष्ट्र विरोधी तत्वों को रोकने का स्वयं भी प्रयास किया। इसी दौरान इनके दाएं पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए। घायल होने के बावजूद वे वीरतापूर्वक उग्रवादियों से जूझते रहे। वे उस मकान में घुसे और गोली बारी कर रहे एक राष्ट्र विरोधी तत्व की ओर फुर्ती से मुड़ते हुए उस पर नजदीक से गोली चलाकर उसका काम तमाम कर दिया। इसी बीच उन्होंने देखा कि यूनिवर्सल मशीनगनों से लैस एक अन्य उग्रवादी मकान की पिछली खिड़की से सुरक्षित स्थान की ओर भाग रहा है। घायल होने के बावजूद हवलदार तारा चंद ने बड़े साहस और बहादुरी से उसका पीछा कर उसे मार गिराया। किन्तु पास के एक मकान में छिपे तीसरे उग्रवादी ने उनके सीने में गोली मार दी जिससे उनकी तत्काल मृत्यु हो गई।

इस प्रकार हवलदार तारा चंद ने निश्चय, अनुकरणीय नेतृत्व तथा आत्मबलिदान की भावना का परिचय दिया।

9. 13689178 गार्ड्समैन ताइयेनजम देवन सिंह, गार्ड्स
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 2 मार्च, 1994)

27 राजपूत को 5 गार्ड्स की एक कंपनी समेत जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सोपोर के दक्षिणी क्षेत्र के चारों ओर घेरा डालने का काम सौंपा गया था। 5 गार्ड्स की "डी" कंपनी को हाथीशाह मोहल्ले की घेराबंदी का कार्य दिया गया था जिसकी गलियां अत्यंत तंग और संकरी थीं।

इस कंपनी ने संकरी गलियां होने के बावजूद घेराबंदी का काम शुरू कर दिया। यह कम्पनी जिसमें नायब सूबेदार जयंत सिंह, नायक सोबी चंद तथा गार्ड्समैन ताइयेनजम देवन सिंह शामिल थे, घेराबंदी का काम पूरा कर ही रही थी कि गुप्तचरी का कार्य कर रहे गार्डसमैन ताइयेनजम देवन सिंह ने कुछ महिलाओं को मकान से बाहर आते देखा। उनके सुनियोजित नापाक इरादे को भांपे बिना गार्ड्समैन ताइयेनजम ने रास्ता तंग होने के कारण उन महिलाओं को मकान से नीचे उतरने दिया। मकान के प्रवेश द्वार पर उन महिलाओं के पीछे छिपे हुए राष्ट्रविरोधी तत्वों ने निकट से गार्ड्समैन ताइयेनजम के पेट में गोली मारकर उन्हें घायल कर दिया।

गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वे गोलियों की जद से बाहर निकले और महिलाओं की सुरक्षा का पर्याप्त ध्यान रखकर उग्रवादियों को गोलीबारी में उलझाए रखा। उनमें से एक को गोली मार दी इसके बाद उन्होंने घायल उग्रवादी का मकान के भीतर तक पीछा किया और उस पर गोली चलाकर उसे मार गिराया। यह देखकर शेष राष्ट्रविरोधी तत्व हतोत्साहित हो गए और घायल उग्रवादी को छोड़कर भाग खड़े हुए। तत्पश्चात गार्ड्समैन ताइयेनजम देवन सिंह बेहोश होकर गिर पड़े। उनका तुरंत प्राथमिक उपचार करके उन्हें हेलिकॉप्टर से बेस अस्पताल पहुंचाया गया परन्तु घावों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया।

इस प्रकार गार्ड्समैन ताइयेनजम देवन सिंह ने राष्ट्रविरोधी तत्वों का मुकाबला करने में शौर्य, कर्तव्य निष्ठा का परिचय देते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान कर दिया।

10. जी/155977एफ अधीक्षक बी/आर ग्रेड श्री श्री कुमार

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 13.3.94)

अधीक्षक श्री श्री कुमार को टाटे—मनभूका सड़क पर चट्टान की कटाई करने के कार्य पर तैनात किया गया था। 13 मार्च, 1994 को रात के लगभग साढ़े दस बजे श्री श्री कुमार जिस समय सहायक इंजीनियर श्री आर एन० सिंह के कार्यालय एवं निवास स्थान पर मौजूद थे तभी सशस्त्र डाकू सरकारी धन लूटने के इरादे से कैम्प में घुस आए। उन्होंने श्री श्री कुमार का दरवाजा खटखटाया। खतरा भांपते हुए इन्होंने सावधानीपूर्वक दरवाजा खोला और देखा कि लगभग 4-5 सशस्त्र डाकू बाहर खड़े हैं। वे स्थानीय आदिवासी प्रतीत होते थे जो 12 बोर की बंदूकें लिए हुए थे। डाकुओं ने कमरे में अंदर घुसने के उद्देश्य से उन्हें एक ओर धकेल दिया। श्री श्री कुमार ने बहादुरी से मुकाबला करते हुए उन्हें अन्दर घुसने से रोका और सहायता के लिए चिल्लाए। इस हाथापाई में एक डाकू ने अत्यंत निकट से इन पर गोली चलाकर इनकी दाईं जांघ को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। श्री श्री कुमार ने अपने जान और जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए अपनी लड़ाई जारी रखी। वह डाकुओं को अपने कमरे से बाहर धकेलने में सफल हो गए। इसी दौरान इनकी पुकार और गोली की आवाज सुनकर श्री आर० एन० सिंह तथा अन्य साथी इनके कमरे की ओर दौड़े। उस समय तक डाकू वहां से भाग चुके थे।

इस प्रकार श्री श्री कुमार ने शौर्य कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए सशस्त्र डाकुओं के गिरोह द्वारा सरकारी धन लूटे जाने से बचाने में सफलता प्राप्त की।

11. कर्नल अजीत सिंह (आई० सी०-32135) मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—14.03.94)

कर्नल अजीत सिंह जब 14 मार्च, 1994 को समगुरिंग दीमापुर, नागालैण्ड से अपने बटालियन मुख्यालय को लौट रहे थे तो लगभग अठारह भूमिगत उग्रवादियों ने उन पर अत्यन्त निकट से घात लगाकर भारी गोलीबारी की, कर्नल अजीत सिंह के अपने अंगरक्षकों को एकत्र कर भूमिगत उग्रवादियों पर जवाबी हमला किया। इस हमले में इनकी दाहिनी जांघ में गोली लग जाने से ये घायल हो गए। घायल होने की परवाह किए बिना ये अपनी दाहिनी बांह पर दोबारा गोली लगने

से घायल होने तक गोलीबारी करते रहे । इनके अंगरक्षकों ने इन्हें आगे बढ़ने के लिए मना किया परन्तु ये भूमिगत उग्रवादियों के वहां से भाग जाने तक आगे बढ़ते रहे । जवाबी गोलीबारी के दौरान भूमिगत उग्रवादी अंधेरे का फायदा उठाकर बच निकले। कर्नल जीत सिंह द्वारा की गई कार्रवाई से समूचे वाहन दस्ते तथा उन वाहनों पर सवार सैनिकों की जान बच गई । कर्नल अजीत सिंह को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया । बाद में भूमिगत उग्रवादियों ने दैनिक समाचारपत्रों में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित कराकर कर्नल अजीत सिंह के घायल होने / मारे जाने के बारे में प्रसन्नता व्यक्त की पर कर्नल अजीत सिंह की त्वरित कार्रवाई के कारण इन पर किए गए घातक हमले में ये बाल-बाल बच गए और सैन्य दस्ते को भी अधिक नुकसान नहीं उठाना पड़ा ।

इस प्रकार कर्नल अजीत सिंह ने प्रेरक नेतृत्व एवं शौर्य तथा अति असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

12. कैप्टन प्रदीप भाटिया (आई० सी० -43872), महार

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15-3-94)

15 मार्च, 1994 को कैप्टन प्रदीप भाटिया को सोमालिया में नं० 2 आइरिश आर्मी ट्रांसपोर्ट कम्पनी के संभारिकी सैन्य दस्ते की मार्ग रक्षा के लिए एक प्लाटून का प्रभारी बनाकर भेजा गया था । जब यह दस्ता मोगादिशु से बैदोआ में लगभग 250 कि० मी० की दूरी पर पहुंचा तो इस पर सोमालियाई देशद्रोहियों के एक बड़े दल ने घात लगाकर हमला कर दिया । युद्ध का पूर्वाभ्यास करने के बाद अग्रगामी वाहन दस्ते ने दक्षिण की ओर स्थित देशद्रोहियों के ठिकानों पर धावा बोला । कैप्टन भाटिया ने दाहिनी ओर से मुड़कर आक्रमण करने की कोशिश की ताकि अग्रगामी दल पर दक्षिण दिशा की ओर जो दबाव है उसे कम किया जा सके। कैप्टन भाटिया के सैन्यदल पर देशद्रोहियों द्वारा की जा रही गोलियों की बौछार के बावजूद इनका यह प्रयास सफल रहा । इन्होंने, दुश्मन की गोलीबारी का दबाव कम करने के उद्देश्य से अपनी मीडियम मशीनगन के तोपची को गोलीबारी करने का आदेश दिया और तेज रफ्तार से चल रहे "निशान वाहन" जिस पर इनका सैन्यदल सवार था, की खिड़की से झुककर स्वयं गोलीबारी करके दुश्मन की अचूक गोलीबारी पर काबू पा लिया । दुश्मन के नजदीक पहुंचते ही ये वाहन से कूद पड़े और इन्होंने भारी मशीनगन से गोलीबारी कर ए के-47 राइफल से गोलीबारी कर रहे दुश्मन के मुख्य तोपची को मार गिराया । इतने में जैसे ही दुश्मन के दूसरे ने तोपची मारे गए तोपची का स्थान लेने की कोशिश की, कैप्टन भाटिया ने उस पर झपट पड़े और इन्होंने अपनी राइफल के बट से उस पर प्रहार कर उसे अचेत कर दिया । परंतु ये स्वयं भीषण गोलीबारी की चपेट में आ गए । इसके बावजूद ये गोलीबारी करते रहे और इन्होंने एक देशद्रोही को मार गिराया तथा अपने हथियार एक देशद्रोही को घायल भी कर दिया – देशद्रोहियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले के जवाब में कैप्टन भाटिया के नेतृत्व में निरन्तर किए गए हमले से पराजित होकर देशद्रोही घुम दबाकर जंगल की ओर भाग गए। इस मुठभेड़ में 15 देशद्रोही मारे गए और 20 पकड़े गए तथा भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किया गया ।

इस प्रकार कैप्टन प्रदीप भाटिया ने सोमालिया के देशद्रोहियों मुकाबला करने में वीरता, साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

13. जे० सी०-155781 सूबेदार धर्म सिंह, महार

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15.3.94 )

15 मार्च, 1994 को सूबेदार धर्म सिंह नम्बर 2 आरिश आर्मी ट्रांसपोर्ट कम्पनी लाजिस्टिक क़ॉन्वाय के साथ चल रहे मार्ग रक्षक दल में शामिल थे । जिस समय यह क़ॉन्वाय मोगादिशु से बैडोआ जा रही थी जोकि लगभग 250 कि० मी० की दूरी पर था तभी शेरी गांव के निकट सोमाली उग्रवादियों के क़ॉन्वाय पर घात लगाकर हमला किया । सूबेदार धर्म सिंह का दल पूर्व निर्धारित स्थान से भारी मात्रा में की जा रही गोली-बारी के कारण आगे नहीं बढ़ सकी। इन्होंने ए के-47 राइफल से लैस एक उग्रवादी को मार गिराया और जैसे ही यह उग्रवादियों के दल पर जोकि बहुत ही कम दूरी पर था गोली चलाने ही वाले थे कि इनकी मैगजीन खाली हो गई । स्थिति से तनिक भी विचलित हुए बिना और हथगोले का प्रयोग करने के खतरे को भांपते हुए इन्होंने भागते हुए उग्रवादियों पर अचेत कर देने वाला एक हथगोला फैंका । उनकी अचेत अवस्था का लाभ उठाते हुए ये आगे बढ़े और सबसे नजदीक उग्रवादी के ऊपर कूद कर उसे काबू में कर लिया और उससे जी 3 ए 3 स्वचालित राइफल छीन ली उसके बाद ये तेजी से आगे बढ़े और बगल से हल्की मशीन गन से की जा रही गोलीबारी का लाभ उठाते हुए उग्रवादियों पर धावा बोल दिया । इस हमले में इन्होंने दो और सशस्त्र उग्रवादियों को पकड़ लिया जिनमें से एक घायल हो चुका था ।

इस प्रकार सूबेदार धर्म सिंह ने सोमाली उग्रवादियों के विरुद्ध लड़ते हुए असाधारण शौर्य और अदम्य उत्साह का परिचय दिया ।

14. 2874983 नायक चंद्रपाल सिंह, राजपूताना राइफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 मार्च, 1994)

15 मार्च, 1994 को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित तुलबल्लान गांव में घेराबन्दी करके तलाशी लेने की कार्रवाई की गई थी । इस कार्रवाई में एक कंपनी को गांव के पश्चिमी छोर में मकानों की तलाशी लेने का काम सौंपा गया था ।

तलाशी लेते-लेते नायक चंद्रपाल सिंह ने एक मकान के फर्श के नीचे छिपने के लिए बनाए गए ठिकाने तथा दीवार-अलमारी के तल से वहां तक जाने वाले मार्ग का पता लगा लिया ।

जैसे ही नायक चंद्रपाल ने उस ठिकाने का तख्ता उठाया उसमें से एक राष्ट्रविरोधी तत्व ने बाहर आकर कमरे में एक हथगोला फेंका और नायक चंद्रपाल सिंह पर गोली चला दी। हथगोले के टुकड़ों तथा गोली से घावों के कारण नायक चंद्रपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके घावों से अत्यधिक खून बहना शुरू हो गया परन्तु इसके बावजूद वे अन्य साथी सैनिकों को उस कमरे से बाहर जाने के लिए सुरक्षा प्रदान करते रहे । जैसे ही वह राष्ट्रविरोधी सैनिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए अपने ठिकाने से दुबारा बाहर निकला कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद नायक चंद्रपाल सिंह ने निडर और निर्भीक होकर उनका काम तमाम कर दिया। इस कार्यवाही में मारे गए उग्रवादी से एक राइफल, चार मैगजीनें तथा एक सौ बीस अदद गोलाबारूद बरामद हुआ ।

इस प्रकार चंद्रपाल सिंह ने राष्ट्रविरोधी तत्वों का मुकाबला करने में असाधारण वीरता एवं शौर्य का परिचय देते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान कर दिया ।

15. मेजर रत्न कुमार सेन (आई० सी०-36375), कवचित रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17-03-94)

17 मार्च 1994 को 2 राष्ट्रीय राइफल के स्थानापन्न कमांडिंग अफसर के रूप में कार्य करते हुए मेजर रत्न कुमार सेन को 1 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल के मुख्यालय से सूचना मिली कि जम्मू कश्मीर में अनंतनाग कस्बे में स्थित अशासपुर उपग्रह केन्द्र के समीप विदेशी स्वार्थी तत्वों ने सीमा सुरक्षा बल की 96 बटालियन को घात लगाकर घेर लिया है। यह सूचना मिलते ही मेजर रत्न कुमार सेन पूरी बटालियन को प्रेरित कर घटना-स्थल की ओर दौड़ पड़े। इन्होंने घात में फंसे सीमा सुरक्षाबल के जवानों को मुक्त कराकर उन्हें उनके स्थायी ठिकाने पर पहुंचाया और हताहतों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने में भी सहायता की । परन्तु लौटते समय लीडिंग प्लाटून, अनंत नाग कस्बे में जंगलात मंडी और अछाबल बस स्टैंड पर राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा की गई भारी गोलाबारी की चपेट में आ गई । सारे सैनिक भीषण गोलीबारी से प्रभावित हो गए और आगे नहीं बढ़ सके। मेजर रत्न कुमार सेन द्वारा संचालित प्लाटून ही, भीषण एवं सटीक गोलीबारी की चपेट से आए सैनिकों को मुक्त कराने के लिए अछाबल बस स्टैंड तक जा पाई । मेजर सेन रेंग कर आगे जा रहे सैनिकों की ओर बढ़े और स्वचालित शस्त्रों से संकटापन्न क्षेत्र से गोलीबारी करने लगे । इन्होंने दबाव डालने के उद्देश्य से राष्ट्रविरोधी तत्वों पर हथगोले फेंके। मेजर रत्न कुमार सेन अपने सैनिकों का नेतृत्व करते हुए एक सुरक्षित स्थान से दूसरे स्थान पर 15 से 20 मीटर की दूरी तक ही पहुंच पाए थे कि भारी गोलीबारी की चपेट से आ गए। इतने में एक राष्ट्रविरोधी ने छिपकर गोली चला दी जो इनकी कनपटी से आ लगी जिससे ये नीचे गिर पड़े परन्तु ये रेंगकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए । ये बेहोश होने तक रेंग कर गोलीबारी करते रहे बाद में इन्हें एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया ।

इस प्रकार मेजर रत्न कुमार सेन ने दृढ़-इच्छाशक्ति समर्पण भावना, साहस और अति असाधारण कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

16. जीओ-1878 डब्ल्यू० सहायक अभियंता (सिविल) दिनेश चन्द्र सरकार (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19-03-94

सहायक अभियंता (सिविल) दिनेश चन्द्र सरकार को लेह के दक्षिण-पूर्व में स्थित कारु तांगसे सड़क के रख-रखाव और उस सड़क से बर्फ हटाने के कार्य के प्रभारी अधिकारी के रूप में तैनात किया गया था। चांगला घाटी से होकर गुजरने वाली 17350 फुट की ऊंचाई पर बनी यह सड़क भारत-चीन सीमा तक आने-जाने का एक एकमात्र साधन है ।

19 मार्च, 1994 को भारी हिमपात और बर्फ के जमाव के कारण कि० मी० 43 से 47 के बीच की सड़क अवरुद्ध हो गई । जनरल रिजर्व इंजीनियरी बल के कार्मिकों और श्रमिकों को दो डोजरों के जरिए बर्फ हटाने के काम पर लगाया गया था । इस स्थान पर हिमस्खलन होने की संभावनाएं बहुत अधिक रहती थीं फिर भी श्री सरकार ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को होने वाले खतरे की परवाह न कर हुए बर्फ हटाने के कार्य का नेतृत्व करने का निर्णय लिया ।

अपराह्न लगभग 4 बजकर 10 मिनट पर कि० मी० 46 के निकट पर्वत की चोटी से भारी हिमस्खलन हुआ और 150 से 200 मीटर के क्षेत्र में फैल गया । श्री सरकार उस समय खिसक कर गिरे हिमखंडों के पास ही थे । जनरल रिजर्व इंजीनियरी बल के कार्मिकों और दिहाड़ी श्रमिकों को उस सारे क्षेत्र में तैनात कर दिया गया था जहां से बर्फ हटाई जानी थी । श्री सरकार ने जैसे ही हिमस्खलन की चेतावनी सुनी वे दौड़कर खुद से कुछ ही फुट की दूरी पर स्थित सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की बजाए अपने कार्य-दल को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए उनकी ओर दौड़े । इस प्रक्रिया में वे हिमस्खलन से गिरी बर्फ के नीचे दब गए हालांकि उनके इस आत्मबलिदान में वे अपने दल के अन्य सदस्यों का जीवन बचाने में सफल रहे ।

इस प्रकार सहायक अभियंता (सिविल) दिनेश चन्द्र सरकार ने अपने दल के अन्य सदस्यों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना कर्तव्य पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान किया ।

17. जी 170948 के,
ओवरसियर प्यारे लाल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 मार्च, 1994)

ओवरसियर प्यारे लाल को लेह के दक्षिण-पूर्व में बनी कारू–तांगत्से सड़क पर बर्फ हटाने के लिए कार्य प्रभारी के रूप में तैनात किया गया था । यह सड़क भारत–चीन सीमा तक आने-जाने का एकमात्र साधन है जोकि 17350 फुट की उंचाई पर चांगला घाटी से होकर गुजरती है ।

19 मार्च, 1994 को भारी हिमपात और बर्फ के जमाव के कारण कि० मी० 43 से 47 के बीच की सड़क अवरूद्ध हो गई । बर्फ हटाने के काम पर जनरल रिजर्व इंजीनियरी बल के कार्मिकों और श्रमिकों सहित दो डोजर तैनात किए गए थे । जहां से बर्फ हटाई जानी थी उस क्षेत्र में बर्फ के भारी जमाव की अत्यधिक संभावनाएं बनी रहती हैं जहां हवा चलने से लगातार बर्फ का जमाव होता रहता है इसलिए वहां डोजर चलाना चुनौतीपूर्ण हो गया था । श्री प्यारे लाल अदम्य उत्साह का परिचय देते हुए उस डोजर पर चढ़ गए जिसे शहाबुद्दीन अंसारी चला रहे थे और शीघ्रतापूर्वक बर्फ हटाने के लिए उन्हें निर्देश देने लगे ।

अपराह्न लगभग चार बजकर दस मिनट पर कि० मी० 46 के निकट बर्फ हटाने का कार्य चल रहा था तो पहाड़ की चोटी से एक भारी हिमस्खलन हुआ । श्री प्यारे लाल सुरक्षित स्थान की ओर भागने की बजाए चालक को निदेश देते रहे कि वह डोजर को सुरक्षित स्थान पर ले जाए । वे निर्भीकता से डोजर के संचालक और डोजर को उस स्थान से दूर हटाने मे सफल रहे जहां पर अधिक हिमस्खलन हो रहा था । हालांकि डोजर 100 फुट नीचे खिसक गया था परन्तु उसमें कोई बड़ी क्षति नहीं हुई । परन्तु इस प्रक्रिया में श्री प्यारे लाल हिमस्खलन की चपेट में आ गए और बर्फ के नीचे दबने से उनकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार ओवरसियर प्यारे लाल ने असाधारण शौर्य एवं निस्वार्थ सेवा का परिचय दिया और कर्तव्य पालन करते हुए अपने जीवन का उच्चतम बलिदान किया ।

18. जी/सं० 172411 के,
आपरेटर उत्खनन मशीनरी,
शहाबुद्दीन अंसारी

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 मार्च, 1994)

आपरेटर उत्खनन मशीनरी, शहाबुद्दीन अंसारी को लेह के दक्षिण-पूर्व में कारू–तांगत्से (के० टी०) मार्ग से अपने डोजर की सहायता से बर्फ हटाने के काम पर तैनात किया गया था । भारत चीन सीमा तक आने-जाने के लिए केवल यही एक मार्ग है जोकि 17350 फुट की ऊंचाई से चांगला दर्रे से होकर गुजरता है तथा इस मार्ग को भीषण सर्दी के मौसम में भी खुला रखना होता है ।

19 मार्च, 1994 को भारी हिमपात और बर्फ के जमाव के कारण कि० मी० 43 और कि० मी० 47 के बीच का के० टी० मार्ग अवरूद्ध हो गया लगभग चार बजकर दस मिनट पर जब कि० मी० 46 के निकट बर्फ हटाने का कार्य किया जा रहा था तभी अचानक पहाड़ की चोटी से एक विशाल हिमखंड नीचे की ओर खिसका । हिमस्खलन की चेतावनी मिलने के बावजूद आपरेटर उत्खनन मशीनरी, शहाबुद्दीन अंसारी ने न तो अपना डोजर छोड़ा और न ही अपनी सुरक्षा के लिए वहां से हटे । वे निर्भयतापूर्वक डोजर को किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए ओवरसियर प्यारे लाल के निर्देशानुसार उसका प्रचालन करते रहे । ऊपर से गिरी बर्फ की मात्रा बहुत अधिक होने के कारण उस खतरनाक क्षेत्र से बर्फ हटाना इनके लिए और भी कठिन हो गया । इसी दौरान ऊपर से गिरते हिमखंड डोजर से टकराए हालांकि उनकी तेजी सामान्य थी और दिशा-निर्देश दे रहे ओवरसियर प्यारे लाल को दूर फेंक दिया । इस स्थिति में भी आपरेटर उत्खनन मशीनरी शहाबुद्दीन ने डोजर को नहीं छोड़ा और उसे घाटी की ओर मोड़ दिया । डोजर घाटी में लगभग 100 फुट नीचे टकरा गया और आपरेटर शहाबुद्दीन अंसारी दूर जा गिरे परन्तु सौभाग्यवश इन्हें मामूली चोटें आई ।

इस प्रकार आपरेटर उत्खनन मशीनरी, शहाबुद्दीन अंसारी ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए सरकारी सम्पत्ति को बचाने में शौर्य का प्रदर्शन किया ।

19. 4254834 लांस हवलदार थियोफिल तिरु, बिहार, (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 28 मार्च, 1994)

28 मार्च, 1994 को लांस हवलदार थियोफिल तिरु को अपने साथी लांस नायक बीकाराम टुडु के साथ सोमालिया में "यूनोसोम–II सैन्य कार्रवाई" के हिस्से के रूप में किस्मायु कस्बे के दक्षिण में स्थित सामरिक महत्व के बन्दरगाह में राहत कार्य को समन्वित करने के लिए भेजे गए यूनिसेफ वाहन की मार्गरक्षा कार्य सौंपा गया था । जब यह वाहन एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा रहा था तो शस्त्रों से लैस सोमालिया के दो विद्रोहियों ने इसे रुकने के लिए संकेत दिया । यूनिसेफ कार्मिकों को होने वाले खतरे को भांपकर लांस हवलदार थियोफिल तिरु विद्रोहियों को ललकारने के लिए धीरे-धीरे रुक रहे वाहन से कूद पड़े । ठीक उसी समय यह वाहन सोमालिया के शस्त्रों से लैस 12 से 14 विद्रोहियों द्वारा तीन तरफ से की जा रही गोलीबारी की चपेट में आ गया । इस गोलीबारी से लांस हवलदार थियोफिल तिरु की

जांघ में गोली लग गई। उनके साथी लांस नायक बीकाराम टुडु ने भी जबाबी गोलीबारी की परन्तु वे दुश्मन की गोलियों की बौछार से घायल होकर नीचे गिर पड़े। लांस हवलदार थियोफिल तिरु ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किये बिना सोमालिया के सशस्त्र विद्रोहियों को कारगर गोलीबारी में उलझाए रखकर उनके नापाक इरादों पर पानी फेर दिया। परन्तु यदि लांस हवलदार थियोफिल तिरु के जबड़े तथा सिर में गोली लगने से उनकी मृत्यु न हुई होती तो सोमालिया के विद्रोही भारत के उस वीर सैनिक के चंगुल से बच नहीं पाते ।

इस प्रकार, लांस हवलदार थियोफिल तिरु ने वीरता, साहस, कर्तव्यनिष्ठा तथा आत्मबलिदान की भावना का परिचय दिया ।

20. जी/172033 डब्ल्यू० ओ० ई० एम० सुरेन्द्र सिंह

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 4 अप्रैल, 1994)

उत्खनन मशीनरी आपरेटर, सुरेन्द्र सिंह को लेह-चालुंका मार्ग पर कि० मी० 32 पर बर्फ हटाने के काम पर डोजर आपरेटर के रूप तैनात किया गया था । लेह-चालुंका मार्ग विश्व का सब से अधिक ऊंचाई पर बना मोटर-गाड़ी मार्ग है और यह सियाचिन ग्लेशियर, काराकोरम दर्रे और शाइओक घाटी में तैनात भारतीय सैनिकों के जीवन का एकमात्र आधार है ।

4 अप्रैल, 1994 को रात के समय लेह-चालुंका मार्ग पर कि० मी० 25 और कि० मी० 39 के बीच के क्षेत्र में भारी हिमपात हुआ जिसके परिणामस्वरूप सड़क पर 8 से 10 फुट तक बर्फ जम गई। लगभग 20 से 25 तक सैन्य और सिविल वाहन उस क्षेत्र में फंस गए । इन वाहनों में सैनिक और सिविलियन सवार थे। ओ० ई० एम० सुरेन्द्र सिंह को अपने डोजर की सहायता से सड़क से बर्फ हटाने का आदेश दिया गया। इन्होंने अपने डोजर को काम पर लगा दिया और वे तेज हवा, प्रतिकूल मौसम और जान को जोखिम में डालते हुए सड़क से बर्फ हटाने में जुट गए। तभी अचानक एक विशाल हिमखंड पहाड़ी की चोटी से फिसल कर नीचे गिरा और डोजर तथा वे स्वयं गर्दन तक बर्फ में दब गए । ओ० ई० एम० सुरेन्द्र सिंह को उनके सहायकों ने तत्काल बर्फ में से बाहर निकाला और इन्हें आराम करने तथा चिकित्सा सहायता लेने की सलाह दी। उन्होंने उस सलाह की ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया और आसन्न हिमस्खलन के खतरे के बावजूद डोजर से बर्फ हटाने में लगे रहे ताकि मार्ग में फंसे हुए वाहनों और लोगों के आने जाने के लिए सड़क साफ की जा सके। ओ० ई० एम० सुरेन्द्र सिंह ने पूरा मार्ग 24 घण्टे में साफ कर दिया ।

इस प्रकार ओ० ई० एम० सुरेन्द्र सिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए साहस, दृढ़ संकल्प और उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

21. जी० ओ०–2364 एल० सहायक अभियंता (सिविल) मनोहर दत्त बवाड़ी ।

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 अप्रैल, 1994)

सहायक अभियंता (सिविल) मनोहर दत्त बवाड़ी को उत्तरी सिक्किम में सांकलंग–तूंग सड़क पर चट्टान की कटाई के कार्य के प्रभारी अधिकारी के रूप में तैनात किया गया था ।

